लुका छुपी की सफलता का पूरा क्रेडिट कार्तिक को देने से नाराज हैं कृति सेनन

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन फिल्म लुका छुपी की सफलता का पूरा क्रेडिट कार्तिक आर्यन को दिए जाने से नाराज हैं। लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बनी फिल्म लुका छुपी हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। फिल्म में कार्तिक आर्यन और कृति सेनन ने मुख्य भूमिका निभायी है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई है। कृति सेनन फिल्म लुका छुपी की सफलता का सारा क्रेडिट कार्तिक को मिलने से नाराज नजर आ रही हैं।

कृति सेनन ने कहा, लीडिंग एक्ट्रेस की अनदेखी का ये कारोबार काफी समय से चल रहा है और यह बहुत गलत है। मुझे खुशी है कि आखिरकार इस पर बातचीत हो रही है। यदि फिल्म में लीडिंग एक्ट्रेस के पास बहुत कुछ करने के लिए नहीं है तो केवल मेल एक्टर के बारे में बात करना तर्कसंगत है। लेकिन जब दोनों एक्टर्स अपने कंधों पर किसी फिल्म को चला रहे हैं तो क्रेडिट भी समान रूप से मिलना चाहिए। हर कोई क्रेडिट के योग्य है। कृति सेनन ने कहा कि ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें एक्ट्रेसेस को उनके समकक्ष एक्टर्स की तुलना में कम सैलरी मिलती है। मेरा मानना है कि सैलरी का दो चीजों के साथ तालमेल होना चाहिए। पहला फिल्म में आपकी भूमिका और दूसरा दर्शकों को थियेटर तक खींच लाने की क्षमता। अतीत में ऐसे भी उदाहरण हैं जब एक्ट्रेसेस को उनके एक्टर से अधिक पे किया गया है। मेरे लिए, पैसा महत्वपूर्ण है, लेकिन कभी एक फिल्म करने का कारण नहीं। स्क्रिप्ट मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

टीवी पर सुपरमानव अवतार में दिखेंगे जुबेर खान

अभिनेता जुबेर के खान का कहना है कि वे सुपरनेचुरल शक्तियों वाले रोमांचक नाटकों के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और एक काल्पनिक शो मनमोहिनी में एक सुपरमानव का किरदार निभाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हाल ही में, दर्शकों ने मोहिनी को अपनी इंद्रियों को नियंत्रित कर रहे राम को अपने वश में करते देखा। जी टीवी के शो में एक साल बाद की घटनाओं से शुरू होगा और इसके दर्शकों को इसमें कई मोड़ देखने को मिलेंगे।

एक साल के अंतराल के बाद कहानी को राम और मोहिनी पर केंद्रित किया जाएगा जहां राम अब पूरी तरह मोहिनी के नियंत्रण में है और उसे सिया और उससे शादी के बारे में कुछ याद नहीं है। एक नया किरदार वनराज सिया की जिंदगी में आएगा। वनराज का किरदार जुबेर निभाएंगे। जुबेर ने एक बयान में कहा, वनराज एक सुपरमानव है और गुस्सा आने पर वह शेर बन जाता है। उन्होंने कहा, मैं सुपरनेचुरल शक्तियों वाले रोमांचक नाटकों का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं और यह किरदार बहुत मजेदार होने वाला है।

कंचना के बॉलीवुड रीमेक में अक्षय के साथ होंगे कियारा और माधवन !

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



ऐसी खबरें आई थीं कि अक्षय कुमार डायरेक्टर राघव लॉरेंस की हिट तमिल फिल्म कंचना के बॉलीवुड रीमेक में नजर आएंगे। अब नई रिपोर्ट्स की मानें तो कियारा आडवाणी और आर माधवन भी इस हॉरर कॉमिडी का हिस्सा होंगे। ऐसी रिपोर्ट्स थीं कि मेकर्स फिल्म में कियारा आडवाणी को ऐक्ट्रेस के तौर पर कास्ट करना चाहते थे। कियारा को भी फिल्म की कहानी पसंद आई। वहीं, माधवन ने भी टीम को जॉइन करने के लिए हामी भर दी। खबरों की मानें तो यह फिल्म इसी महीने फ्लोर पर जाएगी और अगले साल तक सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब यह देखने वाली बात होगी कि फिल्म का निर्देशन खुद राघव करेंगे या नहीं। प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो अक्षय की हालिया रिलीज फिल्म केसरी को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। अक्षय अब हाउसफुल 4 में नजर आएंगे।

सुशांत की फिल्म छिछोरे में होगा नौ करोड़ का गाना

बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की आने वाली फिल्म छिछोरे में नौ करोड़ रुपये का गाना फिल्माया जायेगा।

बॉलीवुड निर्देशक नितेश तिवारी इन दिनों फिल्म छिछोरे बना रहे हैं। फ़िल्म में सुशांत सिंह राजपूत, श्रद्धा कपूर, प्रतीक बब्बर, ताहिर राज भसीन, वरुण शर्मा, सिद्धार्थ मुख्य भूमिकाओं में हैं। बॉलीवुड में गानों की शूटिंग पर ख़ूब ध्यान दिया जाता है। कई बार तो करोड़ों का बजट सिर्फ़ चंद मिनटों के एक गाने को भव्य बनाने में खर्च कर दिया जाता है। बताया जा रहा है छिछोरे में एक गाने को शूट करने में लगभग नौ करोड़ रुपये ख़र्च किये जाएंगे और क़रीब ५०० बैकग्राउंड डांसर्स का इस्तेमाल किया जाएगा। गाने को कॉरियोग्राफ करने की ज़िम्मेदारी बॉस्को और सीज़र को दी गयी है। छिछोरे कुछ दोस्तों की कहानी है। बताया जाता है कि गाने में सभी कलाकार उम्र के दो अलग-अलग पड़ावों पर नज़र आएंगे। उनके यंग और ओल्ड लुक गाने की हाइलाइट होंगे, जिसमें तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। छिछोरे इसी साल रिलीज़ होने वाली है।

मालदीव में नीले समंदर किनारे नीली बिकीनी में नजर आईं सोफी

इसमें कोई शक नहीं कि बॉलिवुड स्टार्स का पसंदीदा हॉलिडे डेस्टिनेशन है मालदीव। यहां अक्सर फिल्मी सितारे अपने काम से ब्रेक लेकर समंदर की लहरों के बीच छुट्टियां मनाने पहुंच जाते हैं। हाल ही में करीना कपूर, सैफ अली खान, मलाइका अरोड़ा, अर्जुन कपूर जैसे कई सितारे अपनी छुट्टियां मनाने मालदीव पहुंचे थे और अब बारी है सोफी चौधरी की। बॉलिवुड ऐक्ट्रेस और मॉडल सोफी चौधरी ने अपने इंस्टाग्राम पर इस हॉलिडे की तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें वह बेहद हॉट नजर आ रही हैं। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं जब सोफी ने अपने इंस्टाग्राम पर इतनी बोल्ड और हॉट तस्वीर पोस्ट की हो, बल्कि इससे पहले भी वह ऐसी कई तस्वीरें पोस्ट कर चुकी हैं। वीजे और सिंगर सोफी चौधरी फिल्म आ देखें जरा में भी बिकीनी में नजर आ चुकी हैं।

जिम में कड़ी मेहनत कर रही है हुमा कुरैशी

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी इन दिनों जिम में कड़ी मेहनत कर रही है। हुमा कुरैशी ने बॉलीवुड में एंट्री के बाद से अपने फिटनेस पर काफी काम किया है। उन्होंने पहले से अपना वजन भी काफी कम कर लिया है। हुमा कुरैशी इन दिनों जिम में कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं। हुमा की ये ट्रेनिंग बहुत टफ है। हुमा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में कड़ी मेहनत के बाद होने वाले दर्द को हुमा के चेहरे पर साफ देखा जा सकता है।

वीडियो के कैप्शन में हुमा कुरैशी ने लिखा, आज मैंने जो किया, वो पहले कभी नहीं किया था। मैं ऐसा करने के बारे में सोच भी नहीं सकती थी। वीडियो के आखिर में देखें, मेरे दर्द का प्राइसलेस एक्सप्रेशन। मैं कभी बिरयानी नहीं खाऊंगी।